# राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम

कार्यालयः— मुख्य प्रबन्धक, केन्द्रीय बस स्टैण्ड,जयपुर।

दिनांकः— 21/05/2026

क्रमांक :— सी.बी.एस / मु.प्र. / वित्त / केन्टिन / 26 / 739

## ई—बोली आमंत्रण सूचना

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, केन्द्रीय बस स्टैण्ड सिन्धी कैम्प जयपुर पर स्थित केन्टीन / स्टाल / रिक्त स्थान एवं क्लोक रूम हेतु अस्थाई रूप से लाईसेंसी नियुक्त किये जाने हेतु ई—बोली आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नप्रकार से हैः—

| क्र. सं. | प्लेट फार्म नम्बर | स्टाल नं. | स्टाल प्रकृति | साईज वर्ग फीट | RISL प्रोसेसिंग फीस | निविदा शुल्क (जीएसटी सहित) | बोली प्रतिभूति राशि | अनुमानित वार्षिक आय,जी.एस.टी. अतिरिक्त |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 02 | 210 | केन्टीन चाय नाश्ता | 09X18 | 500 | 236 | 50000 | 11,64,000 |
| 2 | 02 | 213—. 214 | भोजनालय, चाय—नाश्ता, (प्री—पैक्ड आईटम प्रतिबन्धित हैं) | 13X18 | 500 | 236 | 50000 | 11,50,000 |
| 3 | 02 | 215 | वैन्डिंग मशीन से शुद्व पानी | 05 X20 | 500 | 236 | 50000 | 9,08,500 |
| 4 | 02 | 217 | कॉसमेटिक आईटम, तैल, साबुन, शैम्पू स्टॉल | 5.5 X09 | 500 | 236 | 20000 | 3,02,000 |
| 5 | 03 | 305 | इलेक्ट्रोनिक्स, मोबाइल, फैन्सी खिलौना, बुक स्टाल। (उक्त के अतिरिक्त अन्य आईटम प्रतिबन्धित हैं) | 08X20 | 500 | 236 | 50000 | 9,66,000 |
| 6 | 03 | 307 | क्लोक रूम | 10X17.5 | 500 | 236 | 20000 | 5,77,000 |
| 7 | 03 | 316 | वैन्डिंग मशीन से शुद्व पानी | 10X10 | 500 | 236 | 50000 | 7,25,000 |
| 8 | 04 | 403 | हेयर—ड्रेसर। | 08X08 | 500 | 236 | 20000 | 3,06,000 |
| | 04 | 406 | फोटो स्टेट, इलेक्ट्रोनिक मोबाइल एसेसरीज, गिफ्ट आईटम। (उक्त के अतिरिक्त अन्य आईटम प्रतिबन्धित हैं) | 06X06 | 500 | 236 | 50000 | 8,81,000 |
| 9 | 05 | 508 | कॉसमेटिक आईटम, मोबाईल रियेयरिंग स्टॉल | 06X06 | 500 | 236 | 20000 | 2,00,000 |
| 10 | पूर्व कार्यशाला , मन्दिर के पीछे | 604 | भोजनालय, चाय—नाश्ता फास्ट फूड, (प्री—पैक्ड आईटम प्रतिबन्धित हैं) | 18X10 | 500 | 236 | 50000 | 8,70,000 |
| 11 | 06, नये पम्प हॉउस के पास | | टायर—पंचर एवं टायर मरम्मत कार्य हेतु | 08X08 | 500 | 236 | 20000 | 1,86,000 |

# स्टॉल संख्या 307, क्लॉक रूम के लिये अतिरिक्त शर्ते

1. निक्षेप गृह प्रतिदिवस 24 घन्टे खुला रहेगा।
2. निक्षेप गृह में सामान रखने का किराया 20 रूपया प्रति नग प्रतिदिन (24 घन्टे) होगा तथा इस बाबत उचित स्थान पर नोटिस बोर्ड लगाना होगा एवम् किराया समय–समय पर निगम द्वारा प्रसारित आदेशों के अनुरूप लिया जायेगा।
3. लाईसेन्सी/ठेकेदार क्लॉक रूम में आवश्यक स्टेशनरी का खर्चा स्वयं वहन करेगा।
4. लाईसेन्सधारी के द्वारा क्लोक रूम के बाहर यह सूचना पट्ट लगाना है कि क्लोक रूम में जमा सामान 10 दिवस से अधिक पड़े रहने पर निगम के स्टोर में ज़मा करवा दिया जायेगा। लाईसेन्सधारक सूची के साथ उक्त सामान भण्डारपाल सी.बी.एस आगार जयपुर के पास जमा कराकर प्राप्ति रसीद लेना होगा जिसे निगम द्वारा नियमानुसार नीलाम कर दिया जायेगा।
5. क्लॉक रूम से कोई सामान चोरी/खोने पर लाईसेन्सी/ठेकेदार स्वयं जिम्मेदार होगा तथा निगम का उसके प्रति कोई दायित्व नहीं होगा।
6. क्लॉक रूम के लिये स्थान की व्यवस्था निगम द्वारा की जायेगी लेकिन फर्नीचर आदि की व्यवस्था अनुबन्धकर्ता ठेकेदार के द्वारा की जायेगी।
7. लाईसेन्स/अनुबन्ध राशि प्रत्येक माह की सात तारीख को अग्रिम जमा करानी होगी तथा इसमें दोषी पाये जाने पर निगम द्वारा नियमानुसार शास्ति राशि वसूल की जायेगी एवम् ठेका/अनुबन्ध निरस्त करने की कार्यवाही भी अमल में लाई जा सकेगी।
8. ठेकेदार द्वारा इस कार्य हेतु नियुक्त कर्मचारियों का निगम से कोई सम्बन्ध नहीं होगा तथा उनके वेतन, भत्ते, कटौतियों आदि के लिए निगम किसी भी तरह उत्तरदायी नहीं होगा।
9. अनुबन्ध ठेकेदार द्वारा रिकार्ड का नियमानुसार नियमित संघारण करना होगा जिसे निगम द्वारा अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी द्वारा कभी भी निरीक्षण किया जा सकता है। रिकार्ड संघारण में किसी भी प्रकार की गलती/कमी पाये जाने पर अनुबन्धकर्ता ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही सम्पादित की जावेगी।
10. यात्रियों के प्रति मधुर व्यवहार रखना होगा तथा ड्यूटी पर अनुबन्धकर्ता ठेकेदार द्वारा नियुक्त कर्मचारियों का शराब का सेवन करते हुए अथवा अभ्रद व्यवहार करते हुए पाया गया तो तुरन्त अनुबन्ध समाप्त करने की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
11. क्लोक रूम में बिना सामान ताला लगा नहीं होना चाहिए और यदि ऐसा रखा जाता है तो सामान गुम होने की दशा में निगम का कोई दायित्व नहीं होगा। सामान की सुरक्षा की पूर्ण जिम्मेदारी अनुबन्धकर्ता की होगी।
12. यदि सामान रखने वाले व्यक्ति के पास में दी गई रसीद गुम हो जाती है तो मुख्य प्रबन्धक के समक्ष किसी प्रतिष्ठित स्थानीय सदस्य की जमानत प्रस्तुत करने पर अन्यथा शपथ पत्र प्रस्तुत करने पर ही सामान वापिस किया जा सकेगा। इसके उपरान्त भी सामान लौटाने अथवा न लौटाने का पूर्ण अधिकार निगम के पास सुरक्षित रहेगा।
13. निक्षेप गृह में किसी विस्फोटक, मादक या अन्य प्रकार के हानिकारक/आपत्तिजनक एवम् अनाधिकृत सामान्न स्वीकार नहीं जायेगा।
14. उक्त शर्तें एवम् नियम मैने पढ़ लिये है एवम् समझ लिये है तथा स्वीकार है।

(हस्ताक्षर निविदिदाता)
नामः– ..............................
पताः– ..............................
दूरभाष नम्बर :– ............

